प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

27.07.2024 1830 पीएम

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा –मजबूत न्याय पालिका से देश का लोकतंत्र भी मजबूत– जोधपुर में आज राजस्थान हाईकोर्ट के प्लेटिनम जुबली समारोह को किया संबोधित।
- कौशल और उद्यमशीलता राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा –प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाये अभियानों से देश के नौजवानों में नया उत्साह।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।
- प्रदेश में मॉनसून पूरी रंगत में–आज कई स्थानों पर अच्छी बारिश। पूर्वी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी।

000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा हैं कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब देश की न्याय व्यवस्था सभी के लिये समान रूप से उपलब्ध होगी। आज जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि न्याय पालिका मजूबत है इसलिये भारत का लोकतंत्र मजबूत है और इसकी विश्वसनीयता देश और दुनिया में एक अलग पहचान रखती है। उन्होंने न्याय प्रणाली में तकनीक को महत्व देने और सरल तथा सस्ते न्याय की पैरवी करते हुए कहा कि बार और बैंच में आपसी संवाद और चर्चा जरूरी है।

.......

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट का देश की न्याय पालिका में विशिष्ट स्थान रहा है। उन्होंने यहां के न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट में वकालत करने वाले कई अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट तथा अंतराष्ट्रीय कोर्ट में भी अपनी वकालत का लोहा मनवाया है। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पंकज मित्तल, संदीप मेहता, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव, सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता और प्रदेश के कानून मंत्री जोगाराम पटेल के अलावा कई न्यायाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे।

0000

केन्द्रीय कौशल और उद्यमशीलता राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाये जा रहे स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया अभियानों से देश के नौजवानों में नया उत्साह पैदा हुआ है। आज जयपुर में जनशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित कार्यशाला में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार के साथ ही निजी क्षेत्रों और सामाजिक संगठनों की भी कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है और इनका दायरा बहुत व्यापक है। श्री चौधरी ने उनके मंत्रालय की योजनाओं और कार्यकमों को गिनाते हुए जनशिक्षण संस्थान के लक्ष्य और कार्यो का उल्लेख किया और कहा कि देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

......

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यकम में प्रदेश के उद्योग और कौशल विकास राज्य मंत्री के के विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विभागीय अधिकारी और जनशिक्षण संस्थान से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने कहा है कि साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना प्रत्येक भारतीय का लक्ष्य है। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे लोगों के साथ सीधे जुडे हुए हैं। बैठक का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकारो के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढावा देना और ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। बैठक में विकसित भारत के दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा की गई और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में राज्यों की भूमिका पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, शासी परिषद के पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केन्द्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य शामिल हुए।

00000

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज जोधपुर दौरे पर रहे। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी– आईआईएचटी में प्रशिक्षुओं के साथ संवाद किया।
इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि के बाद टैक्सटाइल उद्योग रोजगार देने वाला सबसे बड़ा क्षेत्र है।
गिरीराज सिंह ने कहा कि जोधपुर एक बड़ा सेंटर है और यहां हैण्डीक्राफ्ट, हैण्डलूम और टैक्सटाइल के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारतीय हैंडलूम ब्रांड को पहचान दिलाने और ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार की मदद के साथ ही टैक्नोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

......

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

0000

राज्य विधानसभा में आज युवा संसद आयोजित की गई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यकम में विधायक, स्पीकर, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और मंत्रियों की भूमिका में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा की ओर से आयोजित युवा संसद में श्री देवनानी ने उपस्थित युवाओं का आहवान किया कि वे जातिवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर नेशन फर्स्ट की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लें। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में काम करने का आह्वान भी किया। कार्यकम में विधायक और राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के सचिव संदीप शर्मा और विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

0000

जयपुर में आज जगद्गुरू रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यकम में 12 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 27 को पीएचडी सहित कुल सवा सात हजार उपाधियां दी गई। समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से नई शिक्षा नीति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें देश का प्राचीन और विश्व का आधुनिक ज्ञान समाहित किया गया है। समारोह में प्रसिद्ध विचारक और संत पदमविभूषण स्वामी रामभद्राचार्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वयम पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

0000

मॉनसून के रंगत में रहने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बनी हुई है। आज भी कई स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। चित्तौडगढ में आज लगातार तीसरे दिन भी बरसात का दौर बना रहा। वहां सावन के महीने में हो रही अच्छी बारिश से नदी नालो में पानी की भरपूर आवक हुई है। गुंजाली नदी में पानी आने से हमेरगंज,–टोलों का लुहारिया मार्ग अवरूद्ध हो गया है। बारां में आज दिनभर रूक–रूक कर रिमझिम चलती रही। बूंदी में दोपहर बाद हुई मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। टोंक में भी कभी हल्की तो कभी मध्यम बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। राजधानी जयपुर के कई इलाकों में आज भी मॉनसून की अच्छी बारिश हुई। सवाईमाधोपुर और आस–पास के इलाकों में भी बीते 24 घंटों के दौरान व्यापक वर्षा के समाचार है। मौसम विभाग ने कल पूर्वी भागों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने दौसा, कोटा, सवाईमाधोपुर, जयपुर, टोंक, करौली, अलवर, बूंदी, भरतपुर, बारां और नागौर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, हनुमानगढ़ तथा शेखावाटी क्षेत्र के जिलों सहित राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कई स्थानों के लिए येलो अलर्ट दिया गया है।

0000